दून विश्वविद्यालय, देहरादून

छात्रवृत्ति प्रकोष्ठ

सं: 271 /आर-डी.यू/2026 दिनांक 22 जुलाई 2026

## सूचना

जिला समाज कल्याण अधिकारी, देहरादून के पत्रांक सं: 1079/स०क०/छात्रवृत्ति/2026-27 के क्रम में विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि शैक्षणिक वर्ष 2026-27 के लिए अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति (ओ०बी०सी०) एवं ई०बी०सी० (आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के छात्रों हेतु) छात्रवृत्ति आवेदनों के नवीन पंजीकरण (fresh), विगत वर्षो के पात्र नवीनीकरण (Renewal) व सत्यापन हेतु समाज कल्याण विभाग द्वारा प्रदान की जाने वाली छात्रवृत्ति के लिए राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल https://scholarships.gov.in को दिनांक: 02 जून 2026 से 30 सितम्बर 2026 तक खोला गया हैं।

अतः छात्र/छात्राओं को अवगत कराया जाता है कि, ऑनलाइन आवेदन पत्र के साथ अपने समस्त प्रमाण-पत्रों/अभिलेखों को ससमय अपलोड कर। तदुपरान्त आवेदन पत्र, प्रमाण-पत्रों एवं अभिलेखों की छायाप्रति निर्धारित तिथि से पूर्व प्रशासनिक भवन कक्ष सं-108 में जमा करना सुनिश्चित करें, जिससे समयान्तर्गत विश्वविद्यालय स्तर से आवेदन पत्रों को अग्रसारित किया जा सके।

(दुर्गेश डिमरी)
कुलसचिव

**प्रतिलिपि:**

1. वैयक्तिक सहायक, मा० कुलपति को मा० कुलपति महोदया के सूचनार्थ।
2. अधिष्ठाता छात्र कल्याण के सूचनार्थ।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/स्कूल प्रभारी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
4. प्रभारी, आई०टी० सेल को उक्त सूचना विश्वविद्यालय वेबसाइट में अपलोड करने हेतु।
5. समस्त सूचना पट्ट।

(दिवेंदु रावत)
सहायक कुलसचिव